परियोजना विवरण :– जिला योजना के अन्तर्गत नाण्डी सेलसैण मठूरगांव मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 2.000 कि0मी0)

# प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड कीर्तिनगर में जिला योजना के अन्तर्गत नाण्डी सेलसैण मठूरगांव मोटर मार्ग का नव निर्माण हेतु 2.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आयुक्त गढ़वाल मण्ड़ल पौड़ी के पत्र सं0 971/जि0यो0(2006–07) दिनांक 07.09.2006 द्वारा रू0 32.40 लाख की प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी द्वारा उनके पत्रांक 9611/537 सी0–8/2008 दिनांक 01.11.2008 से स्वीकृत है तथा संरेखण की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या भू–वैज्ञानिक डॉ0 एस0पी0 सती भू–वैज्ञानिक रामलीला ग्राउण्ड़ श्रीनगर गढ़वाल से प्राप्त है। उपरोक्त मार्ग के स्थल का संयुक्त निरीक्षण लो0नि0वि0 एवं वन विभाग मणिकनाथ रेंज ड़ांगचौरा एवं राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 28.09.2007 को किये जाने के उपरान्त ही वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है।

अतः उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली वन भूमि 0.7175 है0 आरक्षित वन भूमि 0.105 है0 में सिविल वन भूमि अर्थात कुल 0.8225 है0 वन भूमि हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

स॰अ॰

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मुख्यालय–कीर्तिनगर